


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 284 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 30 जुलाई 2025 | मूल्य 2 रुपया



## बरसात: फैलने लगा आंखों का संक्रमण

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** अच्छी बरसात ने मंदसौर वासियो को गर्मी से राहत तो दी है। लेकिन, आंखों से जुड़ी बीमारियों में खासी बढ़ोतरी हो गई है। अस्पतालों में कई मरीज एलर्जिक कंजक्टिवाइटिस (आंखों की एलर्जी) से पीड़ित होकर पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि लगातार बारिश होने के साथ मरीजों की संख्या में और बढोतरी होगी।

चिकित्सकों ने कहा है कि स्कूल जाने वाले बच्चों और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों में इस बीमारी की आशंका अधिक है। इसलिए आंखों की विशेष देखभाल बेहद जरूरी है। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि, आंखों में किसी भी तरह के लक्षण महसूस होने पर नेत्र विशेषज्ञ से संपर्क करें और आंखों को बार-बार छूने से बचें और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना बेहद जरूरी है।

### हवा में नमी से बीमारी...

नेत्र रोग विशेषज्ञों का कहना है कि बरसात के मौसम में हवा में नमी और धूल कणों की मात्रा काफी बढ़ जाती है। यह स्थिति आंखों में एलर्जी और संक्रमण को बढ़ावा देती है। आंखों में लगातार खुजली, लालिमा, पानी आना और जलन एलर्जिक कंजक्टिवाइटिस के सामान्य लक्षण हैं।

## जीवागंज से बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ बदमाश

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शहर कोतवाली क्षेत्र के जीवागंज स्तिा ऋषियानंद कुटिया वाली गली में रहने वाले दुर्गेश सोनी के घर के बाहर से पल्सर बाइक चोरी हो जाने का मामला मंगलवार सुबह सामने आया। घटना यहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है, जिसका वीडियो सामने आया है। जानकारी के मुताबिक दुर्गेश सोनी ने सोमवार रात करीब 12.30 बजे अपनी पल्सर बाइक एमपी 14 एनएफ 2963 घर के बाहर पड़ोसी अस्मित बैरागी के घर के सामने खड़ी की थी। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि अलसुबह करीब 4.20 बजे एक बदमाश बेखौफ होकर आया और बाइक का लॉक तोड़कर उसे पैदल चलाते हुए राजेंद्र विलास की तरफ से नयापुरा होते हुए फरार हो गया। पीड़ित बाइक मालिक दुर्गेश को जैसे ही सुबह चोरी की सूचना मिली, उसने तुरंत शहर कोतवाली पहुंचकर पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की।

# जिले के 279 स्कूलों में होगा अवकाश घोषित..?

## नए आदेश के बाद अधिकारी असमंजस में

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जर्जर स्कूल भवनों को लेकर आए नए आदेश के बाद अधिकारी असमंजस में है। इसका कारण है कि जिले में मंदसौर जिले के 279 प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल ऐसे हैं, जिनमें मरम्मत की आवश्यकता है। इनमें 275 से ज्यादा स्कूलों में कहीं स्लैब टूट रहा है या छत, फर्श, शौचालय की स्थिति खराब है। इनकी मरम्मत के लिए जिले से प्रपोजल भी भेजे गए थे। स्थानीय स्तर पर भी प्राथमिक और मीडिल स्कूलों का निरीक्षण कराया गया था। इसमें ऐसे स्कूल भवन मिले, जिनकी मरम्मत करना बेहद आवश्यक है। कई ऐसे स्कूल भवन की छत से पानी टपकता रहता है, इससे बच्चे बैठ भी नहीं पाते हैं। स्कूल का प्रवेश द्वार भी क्षतिग्रस्त हो गया है। कई जगह से छत का प्लास्टर गिर रहा है। अब शासन के आदेश का पालन किया जाए तो 279 स्कूलों में अघोषित अवकाश करना होगा!

### अगर हादसा हुआ तो अधिकारी जिम्मेदार...

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आदेश के मुताबिक छत से प्लास्टर गिरने की संभावना है। उन कमरों में विद्यार्थियों को न बैठाए। अगर ऐसा है तो दो क्लास को शामिल बैठाकर पढ़ाई कराना संभव नहीं है। आदेश में कहा गया है कि सभी कमरों की ऐसी हालत है तो अघोषित अवकाश घोषित कर दे। आदेश की अनदेखी होने पर जिला शिक्षाधिकारी और प्राचार्य जिम्मेदार होंगे। अब 279 स्कूलों में कभी कोई हादसा होता है तो उसके लिए सीधे-सीधे जिला शिक्षाधिकारी और प्राचार्य जिम्मेदार होंगे। इसका कारण है कि प्रपोजल भेजकर खुद जिला शिक्षा विभाग मान चुका है कि इन स्कूलों में मरम्मत की जरुरत है।




### इसलिए नया आदेश...

दरअसल, राजस्थान के झालावाड़ में स्कूल भवन ढहने के बाद प्रदेश के खस्ताहाल भवनों में लग रहे स्कूलों में बच्चों को अघोषित छुट्टी दी जा रही है। इसे देखते हुए लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी जिलों को निर्देश जारी किए। निर्देश में यह भी कहा गया है कि प्राचार्यों को स्कूलों की मरम्मत करानी है। इसके लिए विभाग राशि आवंटित कर रहा है। स्कूलों की निगरानी के लिए शिक्षकों को भी जिम्मेदारी दी गई है।

### यह है नया आदेश...

लोक शिक्षण संचालनालय ने सोमवार को आदेश जारी किए हैं, जिसमें सभी स्कूलों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि प्रदेश के जिलों में अतिवृष्टि (भारी बारिश) की स्थिति है। इसको देखते हुए यदि किसी भी स्कूल की छत में लीकेज, सीपेज की स्थिति है तो इसकी मरम्मत कराई जाए। इसके लिए आवश्यक आवंटन किया जा चुका है। इसको लेकर 24 अप्रेल को विस्तृत निर्देश भी जारी किए गए थे। लोक शिक्षण संचालनालय के नए निर्देश में साफ किया है कि प्राथमिक, माध्यमिक और हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल में किसी भी प्रकार की सीपेज, लीकेज या सीलिंग का प्लास्टर गिरने की संभावना हो, वहां किसी भी कारण से क्लास ना लगाई जाएं। इससे साफ है कि विभाग ने भोपाल और झालावाड़ जैसी घटनाओं को गंभीरता से लिया है। इसके लिए सभी संबंधित शिक्षा संस्थानों के प्रचार्यों और प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया है कि हर कक्ष का दोबारा निरीक्षण करें। संभावित खतरों की पहचान करें और उन्हें दूर करने के लिए आवश्यक सुधार किए जाएं। इसके लिए उपलब्ध आवंटन या स्थानीय मद का उपयोग करें

### प्रदेश में 5600 स्कूल अति जर्जर...

प्रदेश में 94 हजार सरकारी स्कूल हैं। इनमें 5600 स्कूल अति जर्जर हैं। 81 हजार स्कूलों में कक्षाओं की हालत खराब है। भोपाल में 836 स्कूलों में 400 में भवन व कक्षा खस्ताहाल हैं। 50 के भवन अति जर्जर हैं। ऐसे में इस आदेश के बाद ऐसे स्कूलों में अघोषित छुट्टी की स्थिति है। यही स्थिति मंदसौर में भी है। जिले के 279 स्कूलो की हालत खस्ता है।

## बीएड की मान्यता बहाल, अगले माह शुरू होंगे एडमिशन

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** बीएड करने वाले भोज मुक्त विश्व विद्यालय के हजारों विद्यार्थियों के लिए राहत की खबर है। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) ने विश्व विद्यालय की बीएड पाठ्यक्रम की मान्यता फिर से बहाल कर दी है। इससे बीएड और डीएलएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश का रास्ता साफ हो गया है। विश्व विद्यालय प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया अगले माह अगस्त से शुरू कर दी जाएगी।

### जारी नहीं हुए थे रिजल्ट...

बता दें कि विश्व विद्यालय की बीएड और डीएलएड कोर्स की कुल 2000 सीटों के लिए इस वर्ष 9600 से अधिक विद्यार्थियों ने आवेदन किए थे। अभ्यर्थियों की प्रवेश परीक्षा भी आयोजित की जा चुकी है। लेकिन, मान्यता संबंधी विवाद के चलते अब तक परिणाम जारी नहीं किए गए थे। विश्व विद्यालय प्रशासन के अनुसार परीक्षा परिणाम तैयार हो चुका है और एक-दो दिन में इसे जारी कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एनसीटीई ने वर्ष 2021-22 और 2022-23 की परफॉर्मेंस अप्रेजल रिपोर्ट (पीएआर) समय पर न भेजे जाने पर बीएड कोर्स की मान्यता रद्द कर दी थी।

### इनका कहना...

एनसीटीई ने बीएड कोर्स की मान्यता बहाल कर दी है। परीक्षा का रिजल्ट तैयार है और जल्द जारी कर दिया जाएगा। अगले माह तक काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

**सुनील मंडेरिया**
**रजिस्ट्रार, भोज ओपन यूनिवर्सिटी**

## फिल्मी अंदाज में 15 किलोमीटर तक पीछा, पिपलियामंडी ओवरब्रिज पर पुलिस ने घेरकर पकड़ी तस्कर की कार...

# 60 किलो डोडाचूरा जप्त, दो गिरफ्तार, दो फरार

**पिपलियामंडी, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मंगलवार की दोपहर एक कार के पीछे सायरन बजाती दौड़ती पुलिस की गाड़ी ने जैसे ही पिपलिया और मल्हारगढ़ के बीच की सड़कों पर रफ्तार पकड़ी, पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। लोग हैरानी में ठहर गए कि आखिर माजरा क्या है। दरअसल यह कोई आम पीछा नहीं था, बल्कि एक फिल्मी स्टाइल में चल रही डोडाचूरा तस्करों की घेराबंदी थी, जिसमें पुलिस ने पूरे 15 किलोमीटर तक जान जोखिम में डालकर तस्करों का पीछा किया और आखिरकार पिपलियामंडी के ओवरब्रिज पर जाम लगाकर कार को रोकते हुए 60 किलो डोडाचूरा जब्त कर लिया। पूरे घटनाक्रम में दो





आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि दो अन्य मौके से फरार हो गए। इस दौरान कई बार सड़क हादसे होते-होते बचे, कार की तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग के कारण राहगीरों की जान पर बन आई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। आरोपियों को कोर्ट ने तीन दिन पुलिस रिमाण्ड पर सौंपने के आदेश दिए है।

जानकारी के अनुसार मल्हारगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बूढ़ा क्षेत्र से मादक पदार्थ डोडाचूरा से भरी एक कार जोधपुर के लिए रवाना हो रही है, जो नारायणगढ़-मल्हारगढ़ मार्ग से होकर जाएगी। इस सूचना पर पुलिस ने नाकाबंदी शुरू की, लेकिन जैसे ही संदिग्ध कार पुलिस की पकड़ में आती, ड्राइवर ने कार को तेजी से मोड़ा और उल्टी दिशा में भाग खड़ा हुआ। यहां से शुरू हुआ फिल्मी स्टाइल का पीछा। कार तेज रफ्तार से निकलती गई, और पीछे पुलिस का वाहन सायरन बजाते हुए पीछे लगा रहा। जिस कार का पीछा हो रहा था उस पर कोई नंबर प्लेट नहीं थी और कांच भी काले रंग के थे। कार ड्राइवर ने पहले वाहन को मनासा रोड की ओर मोड़ा, फिर पिपलियामंडी की तरफ रुख किया। इस दौरान जैन स्थानक के आगे बायपास के पास एक व्यक्ति कार की चपेट में आने से बाल-बाल बचा। कार ड्राइवर ने आगे जाकर वाहन को फोरलेन पर मोड़कर नीमच की दिशा पकड़ी। लेकिन पुलिस ने पहले ... शेष पेज 4 पर

### खाद्य विभाग की कार्यवाही...

## रसोई गार्डन से जप्त की 10 घरेलू गेस टंकिया

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** खाद्य आपूर्ति विभाग वैसे तो कभी कभार पुलिस के प्रतिवेदन पर कोई कार्रवाई करता है। यूं तो केवल कार्यालय में बैठकर ही अपनी नौकरी की इति श्री कर लेते है। मंगलवार को अपने उच्चाधिकारियो के निर्देश पर शहर के रेवास देवड़ा रोड़ स्थित रसोई गार्डन से विभाग ने कार्यवाही करते हुए घरेलू गेस की 10 टंकिया बरामद की। इन टंकियो का होटल में उपयोग प्रतिबंधित है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम खाद्य आपूर्ति विभाग नींद से जागा और उच्चाधिकारियो के निर्देश पर कार्यवाही करने के लिये कार्यालय छोड़ा। निर्देशानुसार विभाग का अमला मेडम के नेतृत्व में रेवास देवड़ा रोड़ स्थित रसोई गार्डन पहुंचा। जहां होटल में घरेलू गेस टंकियो का उपयोग हो रहा था। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार 10 से ज्यादा घरेलु गेस टंकिया वहां मिली थी। जिन्हें जप्त कर ले जाया गया। हालांकि, इस मामले में जब खाद्य आपूर्ति अधिकारी श्री चंद्रावत से संपर्क करने की कोशिश की तो उनका मोबाईल नो रिप्लाय होता रहा। खैर, जिले के सबसे ज्यादा भ्रष्ट विभागो में शुमार खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी जो करे, सो कम है?

## अतिथि शिक्षकों की ज्वाइनिंग अधर में, स्कूलों में बताया-विषय ही नहीं..?

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सरकारी स्कूलों में अतिथि शिक्षक के लिए आवेदन करने वाले सैकड़ों शिक्षकों को ज्वाइनिंग नहीं मिली। स्कूल शिक्षा विभाग के जीएफएमएस पोर्टल की विसंगति का खामियाजा एक बार फिर अभ्यर्थियों को भुगतना पड़ रहा है। शुरुआत में उन्हें आवेदन करने में समस्या हुई, इसके बाद ज्वाइनिंग नहीं मिली। अब वे रोजाना बड़ी संख्या में अभ्यर्थी लोक शिक्षण संचालनालय के चक्कर काट रहे हैं। उनका आरोप है कि उनकी सुनवाई नहीं हो रही है।

अतिथि शिक्षकों ने यह सवाल भी उठाया है कि जब स्कूल में कोई विषय नहीं है तो वहां संबंधित विषय का पद खाली कैसे दिखाया गया। इसमें किसकी गलती है। लोक शिक्षण संचालनालय की लापरवाही का खामियाजा सैकड़ों आवेदकों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसे में वे बेरोजगार रह जाएंगे। खास बात यह है कि जीएफएमएस पोर्टल पर जिस स्कूल में पद



रिक्त दिखने पर आवेदन किया गया और जब संबंधित अभ्यर्थी वहां ज्वाइनिंग करने पहुंचे तो उन्हें यह कहकर वापस कर दिया गया कि यहां पद ही रिक्त नहीं है। अब ऐसी स्थिति में इन अभ्यर्थियों के पास कोई विकल्प ही शेष नहीं है। क्योंकि, आवेदन की समय सीमा के साथ ही ज्वाइनिंग की अंतिम तारीख भी गुजर चुकी है। अब ये फिर से प्रक्रिया शुरू करने की मांग कर रहे हैं।

बता दें कि अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू से विवादों में रही है। पूर्व में जिन अभ्यर्थियों ने मोबाइल नंबर अपडेट किए थे, उनकी जानकारी ही पोर्टल पर अपडेट नहीं हुई। जिसकी वजह से उनका नाम ही पोर्टल पर शो नहीं हो रहा था। इस कारण कुछ समय पूर्व प्रदेश भर के विभिन्न अंचलों से अतिथि शिक्षक यहां अपनी समस्या को लेकर आए थे। तब भी उनकी सुनवाई नहीं हुई थी। अनेक अतिथि शिक्षकों के विषय बदले जाने की शिकायतें भी हुई थी।

### नाबालिग की हत्या के मामले में समुचित जांच नहीं होने का आरोप, मुल्जिमों की संख्या बढ़ने की संभावना...

## उप निरीक्षक आरके चौहान निलंबित

**रतलाम, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। जिले के मेवासा गांव में शुक्रवार रात 17 वर्षीय आयुष मालवीय की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस कप्तान श्री अमित कुमार ने लापरवाही मानते हुए नामली थाना प्रभारी इंचार्ज उप निरीक्षक आरके चौहान को निलंबित कर दिया है। बताया गया है कि हत्या वाली रात उप निरीक्षक बीट प्रभारी के रूप में ड्यूटी पर थे।**

सूत्रों के अनुसार गांव के चौकीदार को उस रात चोरी की आशंका की सूचना मिली थी। उसने उप निरीक्षक श्री चौहान को फोन कर बताया। लेकिन, श्री चौहान ने अनसुना करते हुए 100 डायल पर कॉल करने को कहा। बाद में हुई हत्या के बाद जब पुलिस कप्तान को यह तथ्य ज्ञात हुआ तो उन्होंने चौहान को तत्काल निलंबित कर दिया। हालांकि पुलिस अफसर इस पर खुलकर बोलने से बच रहे हैं। पुलिस ने अब तक मृतक आयुष की प्रेमिका के माता-पिता सहित 05 लोगों को आरोपी बनाया है। आरोपी पिता को 02 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जो मंगलवार को पूरी हो गई है। वहीं मां सहित अन्य चार आरोपियों को जैल भेजा जा चुका है। पुलिस का कहना है कि जांच में अन्य लोगों की भूमिका भी सामने आ सकती है। पुलिस कप्तान श्री अमित कुमार ने कहा नामली थाना क्षेत्र के उप निरीक्षक आरके चौहान को सस्पेंड किया गया है। जांच में और नाम सामने आने की संभावना है।



## मौसम: दिनभर चलते रहे सावन के सेहरे

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। सोमवार को झमाझम बारिश के बाद सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात भी बारिश का दौर जारी रहा। मंगलवार को दिनभर बादल छाए रहे। इस दौरान कभी तेज तो कभी बूंदाबांदी के रूप में बारिश भी होती रही। बुजुर्गो की माने तो सुबह से अगले दिन सुबह तक सावन के सेहरे चलते रहे। विगत कुछ दिनों से बारिश और बादलों के बीच तापमान में गिरावट आई है। जिससे गर्मी से काफी हद तक राहत मिली है।**

प्रदेश की बात करें तो मध्यप्रदेश के कई जिलों में मूसलाधार तो कई जिलों में रिमझिम बारिश का दौर जारी है। प्रदेश के 25 जिलों में अच्छा पानी गिरा है। राजधानी भोपाल, इंदौर और उज्जैन में सोमवार सुबह से ही रुक-रुककर कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश हो रही है। लगातार बारिश से नर्मदा समेत प्रदेश की प्रमुख नदियां उफान पर हैं। राजगढ़ जिले में भी तेज बारिश से कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। यहां एक बाइक सवार पुलिया पार करते समय बहते-बहते बचा। जिले के खिलचीपुर और ब्यावरा में कई इलाकों में पानी भर गया है। समीपस्थ नीमच में भी नदी-नालों का जलस्तर बढ़ने से नीमच-कोटा स्टेट हाईवे बंद हो गया है। गुना में भारी बारिश के अलर्ट के चलते मंगलवार को 8वीं तक के बच्चों की छुट्टी घोषित कर दी गई थी।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ लोटन यात्रा

## जनसुनवाई में पहुंच नगर परिषद पर लगाए गंभीर आरोप

### सीएमओ ने कहा- आरोप बेबुनियाद और निराधार..!

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। नगर परिषद मल्हारगढ़ में भ्रष्टाचार के विरोध में पत्रकार गोपाल मालेचा द्वारा गांधी चौराहा मंदसौर से कलेक्टर कार्यालय सुशासन भवन तक लोटन यात्रा कर विरोध दर्ज कराया गया। श्री मालेचा ने आरोप लगाया कि नगर परिषद में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हो रहा है और शिकायतों के बावजूद अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। इधर नगर परिषद सीएमओ राजेश गुप्ता ने इन आरोपों को बेबुनियाद और निराधार बताया है।**

मंगलवार को गोपाल मालेचा कलेक्टोरेट रोड पर कीचड़ से सनी सड़को पर लौटन यात्रा करते हुए नजर आए। लौटते हुए जनसुनवाई में शिकायत लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि उन्होंने दो माह पूर्व अनुविभागीय अधिकारी मल्हारगढ़ को भी आवेदन दिया था। लेकिन, अब तक न तो कोई जांच हुई और न ही कार्यवाही। श्री मालेचा ने वार्ड क्रमांक 10 में करीब 10 लाख रुपये के नाला निर्माण कार्य का उदाहरण देते हुए कहा कि यह निर्माण कार्य तीन महीने में ही गिर गया। जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने नगर परिषद अध्यक्ष और सीएमओ पर गंभीर आरोप लगाते हुए तत्काल जांच व निलंबन की मांग की है। वहीं दूसरी ओर नगर परिषद मल्हारगढ़ प्रशासन ने पत्रकार के आरोपों को निराधार व बेबुनियाद बताया है। परिषद का कहना है कि सभी निर्माण कार्य परिषद की स्वीकृति एवं



निर्धारित मापदंडों के अनुसार ही किये जा रहे हैं। प्रशासन ने यह भी बताया कि पत्रकार की पूर्व शिकायत पर अपर कलेक्टर मंदसौर द्वारा जांच दल गठित कर दिया गया है और संबंधित विषय पर जांच प्रचलन में है। नगर परिषद का यह भी कहना है कि ऐसे आरोप संस्थान की छवि धूमिल करने का प्रयास हैं। इस पूरे मामले में अब निगाहें जिला प्रशासन की जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, जो तय करेगी कि आरोपों में कितना दम है और सचाई किसके पक्ष में है।

हालांकि, सीएमओ द्वारा जारी किये गये स्पष्टीकरण का सटीक उत्तर देते हुए पत्रकार श्री मालेचा ने कहा कि नगर परिषद की सीमा के बाहर लाखो के निर्माण का क्या औचित्य है। यह नगर परिषद के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। उन्होंने हाथोहाथ कई उदाहरण भी दिये है। लेकिन, सत्ता का साथ प्रशासन भी देता है और यह साफ दिख भी रहा है? खैर, देखते है आगे - आगे होता है क्या?

### इनका कहना...

नगर परिषद में जो कार्य प्रचलित है, वह नियमानुसार स्वीकृति और गुणवत्तापूर्वक किए जा रहे हैं। शिकायत पर अपर कलेक्टर मंदसौर द्वारा जांच दल गठित किया है। जिसमें जांच प्रचलित है। नगर परिषद की छवि खराब करने के लिए निराधार और बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं।

**राजेश गुप्ता**
**सीएमओ नप मल्हारगढ़**

# विश्व के जो देश भारत से नफरत करते थे अब वही प्रधानमंत्री मोदी का सम्मान कर रहे- डा. इंद्रेश

## जय भारत मंच द्वारा भारत नेपाल सांस्कृतिक मैत्री दल की यात्रा का हुआ आयोजन



**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जय भारत मंच के तत्वावधान में भारत नेपाल सांस्कृतिक मैत्री दल की यात्रा का आयोजन 25 से 27 जुलाई को काठमांडू नेपाल में किया गया। जिसमें जय भारत मंच संगठन के प्रेरणा स्रोत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठप्रचारक एवं अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य श्रद्धेय डॉ. इंद्रेश कुमार व् भारत संगठन के 65 और नेपाल देश के 160 पदाधिकारियों ने भाग लिया। यात्रा के दौरान सभी ने भगवान पशुपतिनाथ के रुद्रा अभिषेक व दर्शन प्राप्त कर काठमांडू केस्थानीय दर्शन व चंद्रागिरी हिल स्टेशन का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर अमृतभोग काम्प्लेक्स काठमांडू में नेपाल के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए उसके उपरांत मा. इंद्रेश कुमार ने भारत नेपाल कार्यकर्त्ता मिलन समारोह में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज जिन देशों द्वारा प्रधानमंत्री को वीजा देने से इनकार किया था। उन देशों में 28 से ज्यादा देशों ने अपने देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रधानमंत्री को दिया है और आगे भी कई देश देने के लिए तैयार हैं। यह भारत के बढ़ती ताकत, बढ़ते महत्व, और अंतर्राष्ट्रीय समाज में भारत के स्वीकार्यता को दर्शाता है। भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब किसी शासनाध्यक्ष और राष्ट्र प्रमुखों को इतना अधिक सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान किसी व्यक्ति का नहीं बल्कि वो जिस देश, भूमि, संस्कृति और धर्म का प्रतिनिधित्व करते हैं, ये उसका सम्मान है। साथ ही उन्होंने कहा नेपाल और भारत दो शरीर एक जान है, इन दोनों की जान हिंदुत्व में बसती है। जो हमें सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से जोड़े रखते हैं। साथ ही संगठन के भविष्य में कैसे कार्य किए जाएं, उस संदर्भ में दिशा निर्देश प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिन्दू स्वयंसेवक संघ नेपाल राष्ट्र के मा. संघचालक माननीय कल्याण कुमार तिमिल सिंहा जी, अध्यक्षता माननीय विष्णू पोंडिल्य सह संघचालक नेपाल, माननीय वेद प्रकाश राष्ट्रीय प्रचारक, माननीय रेवित कुमार सह राष्ट्रीय प्रचारक की उपस्थिति में संपन्न हुआ द्य इस अवसर पर मा. इंद्रेश कुमार द्वारा जय भारत मंच अंतर्गत भारत नेपाल सांस्कृतिक मैत्री दल नेपाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में श्री अनुराग त्यागी को व् श्रीमति अब्रिता शाह को राष्ट्रीय महामंत्री के दायित्व की घोषणा की द्य भारत नेपाल कार्यकर्त्ता मिलन समारोह में नेपाल से माननीय विनोद पोददार राष्ट्रीय अध्यक्ष एकल विद्यालय नेपाल, माननीय महावीर धिराइया एकल अभियान राष्ट्रीय महासचिव, श्रीमती सुनीता अग्रवाल राष्ट्रीय नगर महिला समिति एकल अभियान नेपाल, जितेंद्र सिंह राष्ट्रीय महासचिव विश्व हिंदू परिषद, श्रीमती गीता खरैल राष्ट्रीय कार्यवाहीका सैनिक नेपाल, श्री रिटू लामा राष्ट्रीय अभियान प्रमुख एकल विद्यालय, श्री मनोज मंडल सह राष्ट्रीय अभियान प्रमुख एकल, श्री सुनील अग्रवाल कोषाध्यक्ष हिंदू स्वयंसेवक संघ व् एकल अभियान, डॉक्टर दीपक प्रचारक, प्रचार प्रमुख नेपाल व भारत से अध्यक्ष पुष्पराज, उपाध्यक्ष श्री नरेंद्र, श्री चंद्र सिंह सिसोदिया विधायक, ए एम पांडे जी, महामंत्री श्री सूर्यकुमार शुक्ला, श्री अर्जुन सिंह, मंत्री जेतमाल, भारत के प्रांत अध्यक्ष सहित भारी संख्या नेपाल और भारत के लोग उपस्थित रहे। नेपाल यात्रा प्रभारी व् राष्ट्रीय महामंत्री श्री अर्जुन सिंह व् नेपाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अनुराग त्यागी के कुशल संचालन में यात्रा सम्पन्न हुई।

जय भारत मंच मंदसौर जिले के पदाधिकारियो ने कहा कि भारत नेपाल सांस्कृतिक दल के नेपाल पहुंचने पर भारत और नेपाल के सांस्कृतिक एवं आर्थिक रूप से दोनो देशो के बीच मैत्री भाव से संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी। राष्ट्रीय उपाध्याय चंद्रसिंह सिसोदिया विधायक गरोठ, प्रांतीय महामंत्री कमल कोठारी, जिला अध्यक्ष अशोक सोनी, महामंत्री कमलेश सिसोदिया, पार्षद अमरजीत चावला, कैलाश सिसोदिया, मनीष पारीख, पंकज देशमुख, नकुल माहेश्वरी, मनोज मंडोवरा, सज्जन सिंह बापू आदि ने मैत्री दल के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को नेपाल मैत्री यात्रा की बधाई एवं शुभकामनायें दी। यह जानकारी कमल कोठारी ने दी।

## अच्छे करियर के लिए कानून की पढ़ाई से युवाओं को बेहतर अवसर

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** आज के दौर में कानून की पढाई को सम्मानजनक और अच्छे करियर के तौर पर देखा जा रहा है। अब कानून की पढाई युवाओ के लिए आसान भी हो गई है। जहां पहले एलएलबी कोर्स के लिए ग्रेजुएशन (स्नातक) करना आवश्यकथा, लेकिन अब सीधे 12 वीं के बाद कानून की पढाई की जा सकती है।

मन्दसौर यूनिवर्सिटी में 12वीं के बाद सीधे कानून की पढाई का अवसर मिल रहा है। इससे पढाई में एक साल भी बच जाता। 12वी के बाद सीधे बी.ए., एलएल.बी. का कोर्स करने का युवाओं के पास मौका है। मंदसौर यूनिवर्सिटी में कानून की पढाई के लिए विशाल पुस्तकालय व हाईटेक कम्प्यूटर लेब उपलब्ध है। यहा अनुभवी व एक्सपर्ट फैकल्टी है, यहां से बी.बी.ए. एलएल. बी को बार काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त है। वर्तमान समय में कानून की जानकारी सिर्फ आपके वकील बनने तक सीमित नहीं है, कॉर्पोरेट, सरकारी संस्थान, एनजीओ, रिसर्च और न्यायपालिका में भी अनगिनत अवसर है। मंदसौर यूनिवर्सिटी में आपको अनुभवी फैकल्टी के साथ हाईटेक लर्निंग प्रैक्टिकल ट्रेनिंग भी मिलेगी ताकि आप देश, कानून और आपके करियर लिए सही-सही सीखे। यहां मेरिट आधारित छात्रवृत्ति व मध्यप्रदेश शासन की योजनाएं उपलब्ध है।



## संजीत में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा सम्पन्न

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** संजीत गायत्री शक्ति पीठ पर म प्र जन अभियान परिषद योजना आर्थिक सांख्यिकी विभाग एवं नवचेतना सामाजिक ग्राम विकास प्रस्फुटन के संयुक्त तत्वावधान में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के कार्यक्रम किया गया है जिसमें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष फकीरचंद धनगर, ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि राजेश बागडी, मांगीलाल दागी टीडवास, मप्रजप की जिला समन्वय श्रीमती तृप्ति बैरागी, नवांकुर समिति कराडिया के दिनेश चौहान ने सहभागिता की।

मुख्यातिथि ने श्री धनगर ने अपने विचार रखते हुए बताता कि एक पेड़ मां के नाम आप सभी नवांकुर सखी लगाए ताकि हमारे देश की धरती पर पूर्ण हरि भरी रहे ओर प्रदेश के अपने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संकल्प को इस हरियाली सखी यात्रा के माध्यम से एक एक पेड मां के नाम लगाते रहे कार्यक्रम को जिला समन्वय श्रीमती बैरागी ने संबोधित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आपको जो बीज थैली के अंदर रख दिया गया है इसको आपको एक वर्ष भर सिंचित कर अपने किसी अच्छे दिन चाहे जन्मदिन पर या अपने मां पिता जी की पुण्य दिवस पर या अपनी शादी की वर्ष गांठ पर अच्छे स्थान पर लगा कर हरियाली दिवस मनाए ओर आगे भी बहुत कार्यक्रम आयेगे जिसमें आप सभी को मिलकर भाग लेना ओर सरकार की साथ चलना है आगे अपने बताया कि पेड़ों से हमें ऑक्सीजन मिलती है और अपन जो कार्बन डायऑक्साइड छोडते है वो पेड ग्रहण करते है और पेड हमको ऑक्सीजन देते है जिसको हम सभी ग्रहण करते है इसलिए जितना ही उतने पेड लगाए कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ की सभी महिलाएं मोहनबाई सोलंकी संजू सैन, वीना मालपानी, पूजा बाफना, टीना साबू, रेखा माहेश्वरी, भगवती बाई प्रजापति, गीता बाई योगी, राधेश्याम सोलंकी, कैलाश आचार्य, सुरेश सेन, भगवती प्रसाद चौहान आदि उपस्थिति थे। कार्यक्रम का संचालन म प्र जनअभियान परिषद की नवचेतना सामाजिक ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के संजीत के अध्यक्ष रविंद्र बाफना ने किया और आभार मप्रजअ परिषद की जिला समन्वय श्रीमति तृप्ति बैरागी ने माना।

## नागपंचमी पर दिखे 14 कोबरा के बच्चे, सर्पमित्र ने किया रेस्क्यू

**पिपलियामंडी, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नागपंचमी पर्व पर मल्हारगढ़ में उस समय हड़कंप मच गया जब एक ही घर में 14 बेबी कोबरा सांप दिखाई दिए।



हालांकि समय रहते सर्पमित्र की सतर्कता से सभी को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया। जानकारी के अनुसार, मल्हारगढ़ निवासी हलवाई गोपाल राठौर के घर मंगलवार को अचानक 14 छोटे कोबरा सांप निकले। इस पर उन्होंने तत्काल सर्पमित्र सरफराज खान को सूचना दी। सरफराज मौके पर पहुंचे और सावधानीपूर्वक सभी कोबरा बच्चों को रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। इससे पहले कुछ दिन पूर्व ही साबाखेड़ा गांव के एक खेत की झोपड़ी में करीब 80 बेबी कोबरा मिल चुके हैं। लगातार ऐसे मामलों के सामने आने से यह संकेत मिल रहा है कि क्षेत्र में कोबरा सर्पों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। यह पर्यावरणीय संतुलन के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन आमजन को सतर्क रहने की आवश्यकता है। सर्पमित्र सरफराज खान ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी भी स्थान पर सांप दिखाई दें तो घबराएं नहीं, तुरंत नजदीकी सर्पमित्र या वन विभाग को सूचना दें, जिससे किसी प्रकार की जनहानि न हो और सर्प को भी सुरक्षित जीवन मिल सके।

## परिवार, समाज और राष्ट्र का सही मार्गदर्शन करने वाला ग्रंथ है श्रीमद् भगवद्गीता -डा. नारायणानंदगिरीजी



**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा में आयोजित चातुर्मास श्रीमद् भगवद्गीता गीता प्रवचन माला में वृंदावन के परम विद्वान संत डॉ. नारायणानंद गिरि जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि गीता परिवार समाज और राष्ट्र को सही दिशा देने वाला महान ग्रंथ है। आपने काम काम, क्रोध, लोभ को नरक के द्वार बताते हुए कहा कि काम क्रोध और लोभ यह हमारे बहुत बड़े शत्रु है। गीता में इन्हें नरक का द्वार बताया गया है आपने कहा नरक और कहीं नहीं है जब हमारे भीतर मन में काम, वासना, क्रोध और लोभ की प्रवृत्ति जागृत होती है तो समझना चाहिए हम इस समय नरक में जी रहे हैं परंतु जब हम काम, क्रोध, लोभ और मोह पर विजय प्राप्त कर लेते हैं समझना चाहिए तब हम स्वर्ग में है। स्वर्ग और नरक और कहीं नहीं है जब हमारे मन में अच्छे विचार परमार्थ पुण्य कर्म करने की भावना जागृत होती है और जब हम उसमें प्रवृत्त हो जाते हैं तो इससे बढ़कर हमारे लिए स्वर्ग और कोई नहीं है। काम, क्रोध, लोभ, मोह के अतिरिक्त जिस समय मन में राग, द्वेष, ईर्ष्या, मद मत्सर जैसे विकारों से ग्रसित हो जाते हैं तो समझो हम एक प्रकार से नरकगामी हो गए हैं इसलिए हमें इनसे बचना चाहिए और हम किस प्रकार से बचें हमारे जीवन में किस प्रकार सुख शांति और आनंद का निरंतर प्रवाह बहता रहे इसके लिए हमें गीता का अवश्य स्वाध्याय करके पालन करना चाहिए। प्रवचन श्रवण करने बड़ी संख्या में धर्मालुजन उपस्थित थे। ट्रस्टी बंसीलाल टांक ने बताया कि प्रतिदिन प्रात: 8.30 बजे से 10 तक प्रवचन का लाभ बडी संख्या में श्रद्धालु ले रहे हैं। श्री केशव सत्संग भवन ट्रस्ट खानपुरा ने सभी सत्संग प्रेमी श्रद्धालु जनों से प्रवचन का लाभ लेने का अनुरोध किया है।

## दो पक्षों में मारपीट, क्रास प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों पर केस दर्ज किया। आवना काचरिया निवासी सुरेशचन्द पिता मोहनलाल शर्मा ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई गांव के उमरावसिंह पिता लालसिंह सौंधिया राजपूत से विवाद चल रहा है। रोडी पर प्याज के छिलके फेंकने की बात पर उमरावसिंह ने विवाद किया, मुझे व मेरी पत्नी को पीटा, पत्थर की सिर पर मारी, जिससे खून निकलने लगा। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया। इसी तरह उमरावसिंह पिता लालसिंह सौंधिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई मेरी घर के पास रोडी को लेकर कोर्ट में विवाद चल रहा है, इसी के विवाद के चलते सुरेश शर्मा, कन्हैयालाल शर्मा, मंजूबाई शर्मा व पीयूष शर्मा ने गाली-गलौज की मारपीट की व पत्थर से वार किया, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने चारों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## औषधि समान होते है मित्र...

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** किसी भी तरह का रिश्ता हमारे जीवन के सुख दुख का निर्धारण करता हे। समय एवम उम्र के साथ मित्रता बनती, बदलती और बढ़ती रहती हे किंतु कुछ मित्रता वाले रिश्ते स्थायी होकर वृहद रूप भी ले लेते हे। मित्रता एक ऐसा शब्द, संबंध, रिश्ता, नाता या जुड़ाव हे जिसमे चुंबक से भी अधिक आकर्षण, सामर्थ्य, समर्पण, सीख व समझ समाहित हे। संबंधों में सर्वश्रेष्ठ संबंध मित्रता को माना गया हे जिसमे व्यक्ति एक दूसरे से रक्त संबंधो के आधार पर नही जुड़ा होता हे अपितु यह संबंध भावनात्मक होते हे और ऐसा कई बार देखने में आया हे की इन्ही भावनात्मक अथवा मैत्री संबंधो ने रक्त एवम पारिवारिक संबंधो पर भी अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की हे। खून का रिश्ता न होने के बाद भी मित्रता का रिश्ता उससे कम नही होता हे और कभी कभी तो यह दुनिया के हर रिश्ते से मजबूत बन जाता हे। मित्र कहने व सुनने में एक छोटा शब्द हे किंतु इसके बिना जीवन अधूरा सा हे। संसार में यही एक रिश्ता हे जिसको प्रत्येक व्यक्ति अपने स्वभाव के अनुसार मान्यता देकर उसे निभाता भी हे। जब दो दिल एक दूसरे के प्रति आत्मीयता से भरे होते हे तब उस संबंध को मित्रता कहते हे। मित्रता का अर्थ केवल ओपचारिकता नही वरन एक बड़ा उत्तरदायित्व हे। सच्ची मित्रता यदि हमारा कल्याण कर सकती हे तो बुरी मित्रता हमे गर्त में भी ले जा सकती हे। संसार में शायद ही ऐसा कोई व्यक्ति हो जिसका कोई मित्र न हो। जाति, धर्म, रूप के भेदभाव वाली कडी को तोड़कर मित्र की परिभाषा बनती हे। मित्रता का रिश्ता अत्यंत पवित्र होता हे जंहा अमीर और गरीब का भेदभाव किए बिना सच्चे मित्र अपने रिश्तो को जीवनभर ईमानदारी से प्राथमिकता देकर निभाते हे। मित्र सदैव आत्मविश्वास बड़ाने वाले होने चाहिए। मित्र हमारे सर्वश्रेष्ठ मार्गदर्शक भी होते हे। हमे अपनी भारतीय संस्कृति पर गर्व होना चाहिए की मित्रता की सच्ची मिसाल भारत से ही पूरे विश्व में फैली हे। इस संसार में सच्ची मित्रता से अनमोल कोई भी वस्तु नही हे इसे हमारे भारतीय विचार और संस्कृति ने अनेक प्रसंगों और प्रेरणादायी उदाहरणो के द्वारा स्थापित भी किया हे। भारतीय इतिहास तो ऐसे संबंधो से भरा पड़ा हे जंहा मित्र ने मित्रता के खातिर अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। मित्रता सुग्रीव व भगवान राम सी एवम कृष्ण सुदामा सी होनी चाहिए जिसमे बड़े छोटे का अंश मात्र भी अहंकार न हो। मित्र जीवन में एक ओषधि के समान होते हे। अच्छे मित्र से यही अपेक्षा रहती हे की वे हमे दोष और त्रुटियों से बचाएंगे। जीवन की भागदौड़ व संघर्ष में जब हम हतोत्साहित हो तब वे हमे उत्साहित करेंगे। सभी लोग अच्छा मित्र बनाना चाहते हे पर इससे भी जरूरी हे की हम स्वयं एक अच्छे मित्र बने। इसलिए अच्छा मित्र बनना ही अच्छा मित्र बनाने का सबसे आसान उपाय हे। ऐसे मित्र जो हमारे सुख दुख के सच्चे साथी हे उन्हे सो बार भी रूठने पर उसी तरह मनाना चाहिए जिस तरह से हम कीमती मोतियों के हार के टूट जाने पर उसे बार बार धागे में पिरोकर सुरक्षित रखते है।



**गौरव सोनी, मंदसौर**

## जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता 2 व 3 अगस्त को नीमच में

**नीमच, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिला प्रशासन एवं जिला शतरंज संघ द्वारा जिला स्तरीय अंतर विद्यालयीन शतरंज प्रतियोगिता 2 एवं 3 अगस्त 2025 को कार्मल कान्वेट स्कूल नीमच में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में सांसद (नीमच, मंदसौर, जावरा) श्री सुधीर गुप्ता मुख्य अतिथि रहेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एम.मांगरिया ने बताया, कि इस प्रतियोगिता में नीमच जिले के सभी शासकीय, अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। कक्षा 6 से 8 तक के छात्र, छात्रा सब जूनियर वर्ग एवं कक्षा 9 से 12 तक के छात्र, छात्रा जूनियर वर्ग में भाग ले सकेंगे। प्रत्येकक खिलाडी की इंट्री फीस 100/- रूपए निर्धारित हैं। प्रत्योक विद्यालय से सब जूनियर एवं जूनियर वर्ग में खिलाडी भाग ले सकेंगे। सब जूनियर एवं जूनियर वर्ग में प्रथम को 5000 रूपये एवं ट्राफी, व्दितीय को 3000/- रूपये एवं ट्राफी, तृतीय को 2000/- रूपये एवं चतुर्थ को 1500/- रूपये तथ् बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार 1500/-(दोनो वर्ग में) दो-दो पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक खिलाडी को शतरंज बोर्ड एवं मोहरे तथा पेन साथ लाना अनिवार्य हैं। निर्णायक जिला शतरंज एसोसिएशन द्वारा नियुक्त किये जायेंगे। प्रत्येक खिलाडी को खेल में 20-20 मिनट दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में मोबाईल तथा इलेक्ट्रानिक डिवाईस प्रतिबंधित रहेंगे। खिलाड़ियों की इंट्री, नीमच तहसील में एम.एल.बी. शा.क. उ. मा.वि. नीमच सिटी एवं शा.बा. उ.मा.वि.क्रं.02 नीमच, जावद तहसील में शा.क.उ.मा. वि.जावद में, मनासा तहसील में शा.क.उ.मा.वि.मनासा में इंट्री विद्यालय के माध्यम से निर्धारित 31 जुलाई 2025 को प्रात: 11 बजे तक ही स्वीकार की जावेगी।



## मानपुरा सेक्टर की नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कलश यात्रा व पौधा वितरण के साथ संपन्न

**सीतामऊ, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के निर्देशन में सेक्टर क्रमांक 3 के ग्राम चकत्या मे स्वच्छता के आधार पर महिला द्वारा पर्यावरण संरक्षण नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यअतिथि मण्डल अध्यक्ष जितेंद्र बामनिया, मण्डल महामंत्री प्रशान्त चतुर्वेदी, घनश्याम राठौर, मण्डल के पदाधिकारी मिठुसिह गुर्जर, दिग्विजय सिंह गुर्जर, दानुसिह, दिनेश गोस्वामी मंचासीन थे। मण्डल अध्यक्ष जितेंद्र बामनिया ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित बनाने के लिए मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद निरंतर प्रयासरत है। हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है की हम अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण को संतुलित बनाए रखे। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक नारायणसिंह निनामा ने बताया की सीतामऊ विकासखंड में 5 सेक्टर में हरियाली महोत्सव यात्रा 24 जुलाई से 28 जुलाई तक प्रत्येक क्लस्टर में निकाली गई। जिसमें पौधारोपण, पौधा वितरण, कलश यात्रा, भजन कीर्तन सहित अनेक गतिविधियां संपन्न हुई है। आज सोमवार को यात्रा का समापन चंबल नदी के तट से कलश लेकर चकत्या पहुँची, जहाँ महादेव का अभिषेक किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा भाग लेकर भजन कीर्तन किए गए। महिलाओं को पौधे भेंट किए गए। संचालन परामर्शदाता हरिओम गंधर्व किया। आभार नारायणसिंह निनामा ने माना। कार्यक्रम मे परामर्शदाता हेमंत गोड, मंगला बैरागी, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष मुकेश प्रधान, शिवसिंह गुर्जर, श्यामदास सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## नागपंचमी पर कुश्ती प्रतियोगिता सम्पन्न

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई संजीत मार्ग मंदसौर पर नागपंचमी के शुभ अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर के भैया बहनों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न चरणों में भैयाओं की कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस अवसर पर सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के प्रबंधक व भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सहसचिव श्री सुनील शर्मा, संस्थान की वरिष्ठ प्राचार्य डॉ.सरोज प्रसाद उपस्थित रहे। भैया बहनों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रधानाचार्य श्री प्रवीण मिश्रा ने नागपंचमी की विस्तृत जानकारी देते हुए इसके महत्व को समझाया साथ ही आपने कहा कि इस पृथ्वी पर जन्म लेने वाले प्रत्येक जीव के अस्तित्व का कुछ ना कुछ महत्व अवश्य होता है एवं समुद्र मंथन के समय नाग ने अपना योगदान कैसे किया व साथ ही भगवान भोलेनाथ के गले में स्थित सर्प की महिमा बताकर आपने सभी को नागपंचमी की शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में उप प्राचार्या सुश्री लक्ष्मी राठौड़ एवं समस्त आचार्य परिवार व भैया बहिन उपस्थित रहे।



## अपर कलेक्टर एवं सीईओ ने जनसुनवाई के दौरान 81 मामलों में सुनवाई की

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन द्वारा सुशासन भवन सभाकक्ष में 81 आवेदकों की समस्याएं सुनी। अधिकारियों को जल्दी निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मंदसौर जिले के मयूर कॉलोनी निवासी आवेदक राजेन्द्र कुमार ने मकान निर्माण के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर एसडीएम मंदसौर को निर्देश दिए कि जांच कर कार्यवाही करें। मंदसौर शहर, गौंदी चौक निवासी आवेदक नासिर अहमद ने रास्ता देने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर एसडीएम मंदसौर को निर्देश दिए कि जांच कर रास्ता के संबंध में उचित कार्यवाही करें। मंदसौर जिले के सितामऊनिवासी आवेदक मुमताज शाह ने भूमि की नकल प्राप्त करने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार सितामऊको निर्देश दिए आगामी कार्यवाही करें। मंदसौर जिले के टिगरिया निवासी आवेदक करन ने विद्युत कनेक्शन प्रदाय करने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर एमपीइबी अधिकारी मंदसौर को निर्देश दिए कि विद्युत कनेक्शन प्रदान करें। मंदसौर जिले के निरधार निवासी आवेदक मुन्निबाई ने मकान का रास्ता खुलवाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार मंदसौर को निर्देश दिए कि जांच कर कार्यवाही करे। इसके साथ ही जनसुनवाई के दौरान नाम दुरूस्त करवाने, रास्ता चालु करवाने, अतिक्रमण हटवाने, भूमि का सिमांकन करने, सडक निर्माण करवाने, लडली बहना योजना का लाभ दिलवाने, जर्जर दुकानों को हटवाने, विद्युत कनेक्शन उपलब्ध करवाने इत्यादि तरह-तरह के आवेदन आये।

## नशे से दूरी है जरूरी थीम पर शपथ विधि समारोह संपन्न



**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** भारत स्काउट गाइड जिला संघ के प्रवक्ता मोहम्मद उमर शेख ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन पुलिस विभाग एवं भारत स्काउट गाइड के संयुक्त तत्वावधान में डाइट मंदसौर में छात्र अध्यापकों के साथ शपथ विधि समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत स्काउट गाइड जिला संघ के जिला मुख्य आयुक्त अंशुल भाई बैरागी ने छात्र अध्यापकों से आवाहन किया कि मंदसौर, नीमच, रतलाम जिले अफीम उत्पादक जिले हैं और अफीम तस्करी का गढ माने जाते है इन जिलों के कई युवा नशे की लत के आदि हो गए और अमीर बनने के चक्कर में एनडीपीएस में सजा काट रहे हैं उनके परिवार बर्बाद हो गए हैं ऐसी स्थिति में छात्र अध्यापकों से आह्वान किया कि वह नशे की लत से दूरी बनाए रखना जरूरी हैं की थीम पर गांव-गांव घर-घर यह अलख जगाए कि नशे के कारण पीढ़ियां बर्बाद हो रही है। उन्हें इस नशे से दूर करने का प्रयास करें। वही रक्षित निरीक्षक दिनेश बेन ने भी छात्र अध्यापकों से आव्हान किया कि वह नशे से दूरी ,है जरूरी कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे, उनके द्वारा शपथ भी दिलाई गई। जिला रोवर्स कमिश्नर एनडी वैष्णव ने भी प्रदेश से जिला स्तर ब्लॉक स्तर और विद्यालय स्तर पर नशे से दूरी है की थीम को लागू करने में पूरी प्रक्रिया के बारे में बताया। कार्यक्रम में डायट प्राचार्य दिलीप सिंह राठौर ने भी संबोधित किया। वहीं पूर्व प्राचार्य प्रमोद सेठिया ने भी अपने उदगार व्यक्त किये। आभार प्रदर्शन डाइट के वरिष्ठव्याख्याता आरडी जोशी ने किया कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव सलमा शाह ने किया।

## कलेक्टर ने जनुसनवाई में 95 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**नीमच, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिले केसभी राजस्व अधिकारी प्रतिदिन तहसील न्या यालयों में नियमित रूप से बैठकर, राजस्व प्रकरणों की सुनवाई करें और उनका निराकरण करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर सुनवाई करते हुए दिए। जनसुनवाई में बासखेडी की गुड्डीबाई को उसके खाते की जमीन पर कब्जा दिलाने के निर्देश तहसीलदार नीमच ग्रामीण को दिए। उन्होने हाल मुकाम भरभडिया निवासी वरदीबाई के आवेदन पर उसकी कुचड़ौद में स्थित कृषि भूमि का सीमांकन करवाने के निर्देश भी तहसीलदार नीमच ग्रामीण को दिए।



कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए, कि ग्राम कोटवार संबंधित गांव के निवासरत आवेदकों को ही नियुक्त किया जाए। कोटवार नियुक्ति की समीक्षा कर, यह देखे, कि किसी अन्य गांव के निवासी को तो किसी गांव में कोटवार नियुक्त नहीं किया गया है, यदि कही ऐसा हुआ हो, तो स्थानीय निवासी को ही कोटवार नियुक्त करें। जनसुनवाई में चम्पी निवासी दिव्यांग महिला श्रीमती शांतिबाई ने कलेक्टर से अनुरोध किया, कि उसके भाईयों ने उसका पैतृक मकान बेच दिया है और उसे उसके हिस्से के रूपये भी नहीं दिए है। इस पर तहसीलदार नीमच ग्रामीण को शांतिबाई के आवेदन पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को जनसुनवाई करते हुए 95 आवेदकों की सुनी समस्याएं और उनका समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, एसडीएम श्री संजीव साहू, डिप्टी कलेक्टर्स एवं सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में भाटखेडी बुजुर्ग के दुर्गेश राव, नई सुण्डी के किशोर रावत, जगेपुर मीणा के लालाराम, बिसलवास कलां की गीताबाई, केलुखेड़ा के बालुराम, जावी के सूरजमल, दीपुखेडी के गोवर्धनलाल, दारू के सेवा, सोनियाना के शंभुलाल, कनावटी की रिंकीदेवी, गिरदौड़ा की भंवरीबाई, बर्ड(गादोला) के मदनलाल, एकता नगर बरूखेड़ा रोड नीमच के चंद्रेश सेन, खरखेडी के मनोहर लाल, ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह सेमली चंद्रावत की सुगनाबाई, नयागांव के दिनेश, महेन्द्र सिह, गुठलाई की कांताबाई, ढाबी के मांगीलाल, भोलियावास की चंद्रीबाई, जाजू गंज नीमच के सलीम खान, लसुडिया के मुकेश, खेडली की कुशलबाई, धोकलखेड़ा के भंवरलाल, बिसलवासकलां के बंशीलाल, बंगला नं.59 नीमच की कविता, बघाना के विष्णुब कुमार, सुरजना के रामसुख, ब.न.60 नीमच की रविताबाई, ग्वालटोली नीमच के कमल, पटवा कॉलोनी नीमच के शेख फारूख ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए। जिस पर कलेक्टर श्री चंद्रा ने प्राप्त आवेदनों पर समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 26 | 2084 | 2248 |
| उडद | 0000 | 0000 | 0000 |
| सोयाबीन | 4839 | 4020 | 4700 |
| गैहु | 6428 | 2500 | 2900 |
| चना | 330 | 5596 | 6207 |
| मसुर | 165 | 6251 | 7999 |
| धनिया | 122 | 5600 | 7281 |
| लहसुन | 15500 | 1901 | 8681 |
| मैथी | 457 | 3610 | 6580 |
| मुंगफली | 235 | 4150 | 4740 |
| अलसी | 905 | 7421 | 7700 |
| सरसो | 356 | 6411 | 7011 |
| तारामीरा | 1 | 5470 | 5470 |
| इसबगोल | 104 | 10000 | 11200 |
| प्याज | 3200 | 200 | 1000 |
| कलोंजी | 1 | 15000 | 19400 |
| तुलसी बीज | 21 | 10000 | 12000 |
| डॉलर | 65 | 6200 | 9561 |
| तिल्ली | 175 | 5200 | 9360 |
| जौ | 31 | 2300 | 2300 |
| मटरसुखी | 1 | 4200 | 4200 |
| असालीया | 8 | 5500 | 6550 |
| चियाबीज | 55 | 11000 | 19000 |

## जिले में अब तक 476.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिले में इस वर्ष अबतक औसतन 476.3मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 8.8 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 3.0 मि.मी., सीतामऊमें 2.6 मि.मी.,सुवासरा में 10.0 मि.मी., गरोठ में 19.8मि.मी., भानपुरा में 16.2 मि.मी., मल्हारगढ मे 5.0 मि.मी., धुधंड़का में 10.0 मि.मी., शामगढ में 18.2 मि.मी., संजीत में 8.0 मि.मी., कयामपुर में 5.0 मि.मी. एवं भावगढ में 0 मि.मी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है।

विगत 1 जून से अबतक वर्षामापक केन्द्र मंदसौर में 530.0 मि.मी., सीतामऊ में 401.8 मि.मी. सुवासरा में 331.8 मि.मी., गरोठ में 462.2 मि.मी., भानपुरा में 1170.2 मि.मी., मल्हारगढ मे 272.0मि.मी., धुधंडका में 365.0 मि.मी., शामगढ़में 423.4 मि.मी., संजीत में 370.0मि.मी., कयामपुर में 379.0 मि.मी. एवं भावगढ में 534.0 वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्तर अब तक 1292.04 फीट है।

# डोडाचूरा तस्कर को 4 वर्ष का सश्रम कारावास व जुर्माना



**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश महोदय, (एन.डी.पी.एस.) मंदसौर द्वारा आरोपी लालुराम पिता कनीराम दाँगी, उम्र 61 वर्ष, व्यवसाय-खेती, निवासी बोलिया थाना नाहरगढ तहसील नाहरगढ जिला-मंदसौर को अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी करने के अपराध में दोषी पाते हुए 4 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 25000 रूपये जुर्माने से दण्डित किया।

अभियोजन मीडिया प्रभारी श्री बलराम सौलंकी द्वारा घटना के संबंध में बताया कि दिनाक 26.08.2017 को थाना सीतामऊ पर पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक सुभाष चन्द गिरी को थाना सीतामऊ पर विश्वसनीय मुखबिर से प्राप्त सूचना मिली लालुराम पिता कनीराम डागी निवासी बोलिया थाना नाहरगढ व देवीसिह पिता नारायण सिंह निवासी अरनिया गौड से होकर देवीसिह की मोटरसाईकिल क्रमाक एम.पी.-14-एम.आर.-5095 से अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडाचूरा ग्राम बोलिया तरफ से खरीद कर लेकर ग्राम लखुपिपलियाखेडा में मेहरबान सिह पिता इन्दर सिह को देने उसके घर पर जा रहे है तथा विसनिया थाना गरोठ का गौपाल सिंह सिह सोधिया जो कि वर्तमान में बोरखेडी जागीर में रह रहा है, वह अवैध अफीम डोडाचूरा इधर उधर से लालुराम डागी व देवी सिंह से खरीदवा कर उक्त मेहरबान सिह के घर पर एकत्रित करवा रहा है, तत्काल विसनिया से अरनिया गौड़ जाने वाले रोड पर नाकेबन्दी की जाये तो उन्हें अवैध अफीम डौडाचुरा सहित पकडा जा सकता है उक्त सूचना विश्वसनीय होने से सहायक उपनिरीक्षक सुभाषचन्द्र गिरी के व्दारा मौके पर जाकर नाकाबंदी की जाने पर मोटरसाईकिल क्रमांक एम.पी.-14-एम.आर.5095 पर दो व्यक्ति विशनिया की तरफ से आते दिखाई दिये जिन्हें फोर्स की मदद से रोका तो मोटरसाईकिल पर पीछे बैठा व्यक्ति सफेद रंग के बोरे को फेंककर जंगल की ओर भाग गया। मोटरसाईकिल चालक का नाम-पता पूंछने पर उसने अपना नाम लालूराम डांगी तथा भागने वाले व्यक्ति का नाम देवीसिंह सौंधिया होना प्रकट किया। उसके कब्जे से कुल 20 किलोग्राम डोडाचूरा मय मोटरसाईकिल जप्त किया जाकर अभियुक्त लालुराम पिता कनीराम दाँगी उम्र 55 वर्ष निवासी बोलिया थाना नाहरगढ़ को गिरफ तार किया गया। अभियुक्त लालुराम पिता कनीराम दाँगी उम्र 55 वर्ष निवासी बोलिया थाना नाहरगढ़ की निशादेही पर अभियुक्त मेहरबान सिह पिता इन्दर सिह सोधिया निवासी लखुपिपल्या खेडा के घर के अन्दर से कुल 180 किलोग्राम डोडाचूरा जप्त किया गया था। थाना वापसी पर अपराध क्रमाक 258/17 पर धारा 8/15 एन.डी.पी.एस. एक्ट की कायमी की गयी। अपराध के संपूर्ण अनुसंधान उपरांत आरोपीगण के विरूद्ध संबंधित न्याकयालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया जहां प्रकरण के संपूर्ण विचारण उपरांत दिनांक 28.07.2025 को आरोपी को 4 वर्ष के कारावास एवं 25000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया, अर्थदंड की राशि अदा ना करने पर एक-एक वर्ष का अतिरिक्त कारवास से दंडित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से प्रकरण का सफल संचालन श्री बी.एस. ठाकुर, विशेष लोक अभियोजक (उपनिदेशक अभियोजन) द्वारा किया गया।



# लक्ष्य बनाकर मेहनत करें, जिले के साथ प्रदेश और देश का नाम रोशन करें-कलेक्टर

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय शामगढ़ का लोकार्पण किया

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** वर्चुअल माध्यम से केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय शामगढ़ का लोकार्पण किया। लोकार्पण अवसर पर कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, स्थानीय जनप्रतिनिधि, एसडीएम श्री राहुल चौहान, स्कूल प्राचार्य, शिक्षक, विद्यार्थी मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना की गई। इसके साथ ही बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।

कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने कहा कि लक्ष्य बनाकर मेहनत करें, अच्छे से पढ़ें। पढ़ाई करके जिले के साथ अपने प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करें। लक्ष्य बनाकर मेहनत करना और अच्छे से पढ़ाई करना सफलता की कुंजी है। अपने लक्ष्यों को स्पष्ट और विशिष्ट रूप से परिभाषित करें। इससे आपको पता चलेगा कि आपको क्या हासिल करना है और आप उसके लिए कैसे काम कर सकते हैं। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक विस्तृत योजना बनाएं। इसमें छोटे और प्रबंधनीय कदम शामिल होने चाहिए जो आपको अपने अंतिम लक्ष्य की ओर ले जाएंगे। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार ने नवीन भवन के शुभारंभ पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि बच्चों को निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए, लक्ष्य प्राप्ति तक नहीं रुकना चाहिए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा नई शिक्षा नीति को सुलभ एवं आसान बनाया है। आज का युवा नौकरी पाने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला युवा बन रहा है। सरकार विद्यार्थियों के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

# भगवान भाव के भूखे होते हैं-रुद्र देवजी

**नीमच, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** भगवान भाव के भूखे होते हैं। धन संपत्ति के नहीं, भगवान तो हजार हाथ से देते हैं भक्तों से कुछ नहीं मांगते, भगवान की तपस्या पवित्र भाव से करना चाहिए इसमें दिखावा नहीं करना चाहिए। परमात्मा वही करते हैं जो हमारे लिए सबसे अच्छा होता है।

यह बात गुरुदेव रुद्रदेव जी त्रिपाठी (जावद वाले) ने कहीं।वे श्री हरि सत्संग मंडल एवं भक्तगण के तत्वाधान में गोमाबाई रोड स्थित लायन्स डेन सभागार में 11 जुलाई से 6 अगस्त तक आयोजित 27 दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा एवं पर्वतीय शिवलिंग पूजन अभिषेक एवं रुद्राक्ष वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी उच्च स्तरीय अधिकारियों के निर्देश का पालन करते हैं।वे अपने परिवारजन के साथ भी वहीं करते हैं जो कानून सम्मत होता है। यदि किसी का भाई पुलिस थाना प्रभारी है तो कानून और नियम का पालन करते समय अपने कर्तव्य का निर्वहन करेगा यदि उनके बड़े भाई पर भी कोई अपराध का आरोप है तो उसे भी एक बार तो पुलिस जांच करवाई के लिए गिरफ्तार करना चाहिए इसलिए कानून का पालन करते हुए ईमानदारी से अपने कर्तव्य का का पालन करना चाहिए। इसलिए परिवार से बड़ा अपने कर्तव्य का पालन होता है। जब भी सामूहिक भोजन या भंडारे का आयोजन



होता है तो सबसे पहले ब्राह्मण और संत को भोजन प्रसाद ग्रहण करवाना चाहिए उसके बाद अन्य लोगों को भोजन करवाया जाता है। राजा दशरथ द्वारा जब श्रवण कुमार को अनजाने में तीर लगने से मृत्यु हो गई थी तब श्रवण कुमार के नैत्रहिन माता-पिता ने राजा दशरथ को श्राप दिया था उनकी मृत्यु भी पुत्र वियोग में ही होगी।

शिव महापुराण कथा के मध्य रुद्र देवजी त्रिपाठी ने मोहिनि अवतार, हनुमान जी ,विभीषण, समुद्र मंथन, देवासुर संग्राम, राहु केतु सुदर्शन चक्र बगुलामुखी, शिव महापुराण, यक्ष, सहित विभिन्न धार्मिक विषयों का वर्तमान परीक्षण महत्व प्रतिपादित किया। शिव महापुराण पोथी पूजन आरती में सत्यनारायण कुमावत, कन्हैयालाल श्रीमाली जावद, सुरेश मांदलिया परिहार ,दिनेश लड्ढा, घनश्याम सेठिया, सत्यनारायण पाराशर, दिलीप दुबे, विजय जोशी गोपाल व्यास ,बीएल धनोतिया, मुकेश पोरवाल,आदि बडी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।कार्यक्रम की श्रृंखला में सुबह 8 से 8:30 बजे तक वेद पाठ, 9 से 10 बजे तक हवन ,दोपहर 1 से 3 बजे शिव पुराण कथा, 3 से 4:30 बजे तक 27हजार रुद्राक्ष शिवलिंग पूजन अभिषेक, सोमवार पार्थिव पूजन अभिषेक,सवालाख महामृत्युंजय मंत्र जाप, काल सर्प पूजन हवन शांति सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं।

## गाजर घास के उन्मूलन के लिए दवाई का छिड़काव किया

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका परिषद मंदसौर के द्वारा कल वार्ड क्रमांक 12 के विभिन्न क्षेत्रों में गाजर घास के उन्मूलन के लिए दवाई का छिड़काव किया गया, नगर पालिका परिषद के द्वारा जहां भी आवश्यकता है वहां गाजर घास के उन्मूलन के लिए दवाई का छिड़काव किया जा रहा है कल नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर स्वास्थ्य समिति सभापति श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सुनीता अशोक भावसार ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया तथा इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# राष्ट्रीय स्वच्छ वायु (एनसीएपी) की स्थिति को लेकर सांसद गुप्ता ने लोकसभा में किया प्रश्न



**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सरकार द्वारा वर्ष 2019 में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु (एनसीएपी) महत्वाकांक्षी कार्यक्रम शुरू किया गया। सरकार द्वारा इसके आरंभ से अब तक कुल कितने शहरों में सिटी एक्शन प्लान (सीएपी) कार्यान्वित किया गया है। जिन शहरों में एनसीएपी लागू किया गया है वहां वायु गुणवत्ता में सुधार लाने में यह कितना सफल रहा है। उन्होने कहा कि सरकार ने एनसीएपी के अंतर्गत विभिन्न बहु-क्षेत्रीय हस्तक्षेपों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकारों, नागरिक निकायों के साथ किसी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं और चालू वित्तीय वर्ष के लिए सीएपी के कार्यान्वयन हेतु केन्द्रीय सरकार द्वारा विभिन्न राज्य सरकारों के लिए संस्वीकृत और जारी की गई निधि का ब्यौरा क्या है।

प्रश्न के जवाब में पर्यावरण, वन और जनवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तवर्धन सिंह ने बताया कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जनवरी 2019 में शुरू किए गए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) का उद्देश्य 24 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 130 शहरों (मानकों को पूरा न करने वाले शहरों और दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों) में वायु गुणवता में सुधार लाना है। एनसीएपी एक बहु-क्षेत्रीय पहल है जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों, शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) और अन्य हितधारकों के समन्वित प्रयास शामिल हैं। यह शहर, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की स्वच्छ वायु कार्य योजनाओं के माध्यम से स्रोत-विशिष्टउपशमन संबंधी उपायों पर बल देता है। उन्होने बताया कि 130 शहरों में से, 10 लाख से अधिक आबादी वाले 48 शहरों/शहरी समूहों को वायु गुणवत्ता प्रदर्शन अनुदान के रूप में पंद्रहवें वित्त आयोग के मिलियन प्लस सिटी चैलेंज निधि के तहत वित्त पोषित किया जाता है, और शेष 82 शहरों को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की प्रदूषण नियंत्रण योजना के तहत वित्त पोषित किया जाता है। वायु गुणवत्ता सुधार उपायों को लागू करने के लिए महत्वपूर्ण अंतर वित्तपोषण के रूप में 130 शहरों को 13,036.52 करोड़ रुपये का कार्य-निष्पादन आधारित अनुदान प्रदान किया गया है। एनसीएपी के अंतर्गत स्वीकृत और जारी की गई धनराशि का राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है। एनसीएपी के अंतर्गत 130 शहरों द्वारा की गई लक्ष्यित कार्रवाइयों ने सकारात्मक परिणाम दर्शाए हैं, जिनमें से 103 शहरों में वर्ष 2017-18 की तुलना में वर्ष 2024-25 में पीएम 10 की सांद्रता में कमी देखी गई है, जिनमें से 64 शहरों में आधार वर्ष 2017-18 की तुलना में पीएम 10 के स्तर में 20: से अधिक की कमी देखी गई है और इनमें से 25 शहरों में 40: से अधिक की कमी देखी गई है। कुल 22 शहरों ने राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों (एनएएक्यूएस) को पूरा किया है।

## मेले से बाइक चोरी

**पिपलियामंडी, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मंदिर के पास खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने केस दर्ज किया। नारायणगढ नीम चौक निवासी विनय पिता सुनील पाटीदार ने मल्हारगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई दोस्त के साथ पहेड़ा मगरा मेले में गया था। बाइक को रामदेव मंदिर के पास खड़ी कर चला गया। वापस आया तो बाइक (एमपी 14 एमएस 5861) नही मिली। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया।


**❊ नाम परिवर्तन ❊**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि में फातेमा पति अली असगर ने अपना नाम परिवर्तन कर फातेमा बेगू वाला पति अली असगर बेगू वाला कर लिया है अत: आइन्दा आगे से मुझे अपने नए नाम फातेमा बेगू वाला पति अली असगर बेगू वाला के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

पता-31/1 बोहरा बाखल गली मंदसौर (म.प्र.)

**❊ नाम परिवर्तन ❊**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि में अली हुसैन पिता फखरुद्दीन ने अपना नाम परिवर्तन कर अली हुसैन कोयलावाला कर लिया है अत: आइन्दा आगे से मुझे अपने नए नाम अली हुसैन कोयलावाला पिता फखरुद्दीन के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

पता-35, मुफद्दल टाउनशिप ग्रीन वेली के पास मंदसौर

**❊ नाम परिवर्तन ❊**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि में समीना अली हुसैन पति अली हुसैन ने अपना नाम परिवर्तन कर समीना कोयलावाला पति अली हुसैन कोयलावाला कर लिया है अत: आइन्दा आगे से मुझे अपने नए नाम समीना कोयलावाला पति अली हुसैन कोयलावाला के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

पता-35, मुफद्दल टाउनशिप ग्रीन वेली के पास मंदसौर


# स्वास्थ्य विभाग ने इंडस्ट्रियल एरिया स्लेट पेंसिल काम्पलेक्स में किया टीबी जागरूकता प्रशिक्षण शिविर

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** टीबी के नोडल अधिकारी डॉ. आरके द्विवेदी द्वारा बताया गया कि कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के मार्गदर्शन में एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी एस चौहान के सानिध्य में मंदसौर इंडस्ट्रियल एरिया स्लेट पेंसिल कांपलेक्स में टीबी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। समाज सेवक श्री नाहरू खान एवं हाजी श्री आबिद पूर्व पार्षद की उपस्थिति में शिविर का उद्घाटन किया गया। नाहरू खान द्वारा टीबी टीम का फूल माला से स्वागत किया गया।

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सेंट्रल टी.बी. डिवीजन के निर्देशानुसार वाधवानी अख द्वारा VMTB AI application के द्वारा मध्यप्रदेश के 05 जिलों का चयन एक्टिव केस फाईडिंग सर्वे के लिए किया गया है, जिसमे मंदसौर जिले का चयन भी किया गया था। जिसके अंतर्गत अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के मार्गदर्शन मे जिले के 227 संभावित उच्च जोखिम (High Vulnerable Population) वाले ग्रामों मे माह जुन 2025 से घर-घर जाकर एक्टिव केस फाईडिंग सर्वे का कार्य किया जा रहा है। 27 जुलाई 2025 तक संभावित ग्रामों की 553375 जनसंख्या का सर्वे पूर्ण हो गया है, जिसमे संभावित पाए गए क्षय रोगियों मे से लगभग 3800 मरीजो के बलगम एवं एक्स-रे की जांच की गई है, जिनमे से 137 नवीन टीबी रोगियों को खोजा गया है। वर्तमान मे भी जिला स्तर से चयनित स्थानों पर एक्स-रे हैण्ड हैल्ड मशीन ले जाकर गांव गांव में एक्सरे किये जा रहा है। जोखिम क्षेत्र की जनसंख्या की टीबी स्क्रीनिंग कर एक्स-रे हैण्ड हेल्ड मशीन द्वारा एक्स-रे किया गया। स्वास्थ्य विभाग के श्री जगदीश खींची ने सभी वार्डवासियों को समझाया अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना बहुत जरूरी है, समय-समय पर अपनी जांच जरुर करवाए है। कैम्प मे समाजसेवक श्री नाहरू खान, पूर्व पार्षद हाजी श्री आबीद, वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबीएचव्ही श्री अजय पांडे, सुपरवाइजर श्रीमती कांता भंडारी, एक्सरे टेक्निशियन श्री अजय पटेल एवं उषा कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

## 60 किलो डोडाचूरा जप्त, दो...

पेज 1 से जारी

से बरखेड़ापंथ ओवरब्रिज पर जाम लगाकर नाकाबंदी कर दी थी। जैसे ही कार ओवरब्रिज के पास पहुंची, पुलिस ने उसे चारों ओर से घेर लिया और उसमें सवार दो युवकों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। कार (डीएल 1 सीएसी 7518) की तलाशी लेने पर 2 कट्टों में भरा कुल 60 किलो डोडाचूरा जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान निवासी जस्साराम (24) पिता पुखाराम मेघवाल, निवासी काकानी मेघवालों की ढाणी, खाराबेरा पुरोहितान, थाना लूणी, जिला जोधपुर और विक्रम (19) पिता कन्हैयालाल मेघवाल, निवासी डोली कलां, थाना कल्याणपुरा, जिला बालोतरा, के रूप में हुई। पुलिस ने इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया और मंगलवार को दोनों को मंदसौर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया। टीआई राजेन्द्र पंवार के अनुसार, पूछताछ में खुलासा हुआ है कि इन दोनों को डोडाचूरा लेने के लिए अशोक जाट, निवासी भांडू कलां, थाना झावर, जिला जोधपुर ने भेजा था। पुलिस ने अशोक जाट के खिलाफ भी मामला दर्ज कर लिया है। अशोक जाट के कहे अनुसार दोनों टकरावद आए थे, वहां एक व्यक्ति ने गांव से बाहर कार में डोडाचूरा लोड़ कराया था। डोडाचूरा सप्लाय करने वाला व्यक्ति अभी अज्ञात है, क्योंकि गिरफ्तार आरोपियों ने उसे केवल देखा था, पहचान नहीं पाते। संभावना है कि अशोक जाट ही सप्लायर को जानता हो, उसकी गिरफ्तारी के बाद ही पूरा नेटवर्क उजागर हो सकेगा। फिलहाल दो आरोपी फरार हैं और उनकी तलाश में पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस इस नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की जानकारी निकालने में जुटी है।


**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर (म.प्र.)**

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/1236/खनिज/2025 मंदसौर, दिनांक-29.07.2025

**❊❊❊❊❊ सूचना ❊❊❊❊❊**

(म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क)

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स ग्लोबल स्टोन क्रेशर, अपना घर, शालीमार एक्टेंशन जिला अलवर (राज.) द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 18-क के तहत उत्खनिपट्टा नवकरण प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 17.07.2025 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमि स्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | सीतामऊ | रिस्थल | 1068/1 | 2.000 हे. | शासकीय | गिट्टी एवं एम. सेण्ड (क्रेशर आधारित) | --- |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा, जिला मंदसौर में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुए लिखित रुप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।

नियत अवधि के उपरान्त प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.

G-16442/25

जीवन है अनमोल, तो क्यों करे यातायात नियमों से खेल।


# वर्षाकाल के दौरान जलमग्नीय पुल-पुलिया पर ड्रॉपगेट एवं बैरिकेटिंग लगवाए

## सड़क दुर्घटना में गम्भीर घायल व्यक्ति के गोल्डन ऑवर मे त्वरित उपचार हेतु राहवीर योजना का करें प्रचार, जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन, संबंधित विभाग प्रमुख मौजूद थे। बैठक के दौरान परिवहन, ट्रैफिक पुलिस, स्वास्थ्य विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि राहवीर योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करें। सड़क दुर्घटना में गम्भीर घायलों को उपचार हेतु अस्पताल लाने वाले राहवीर को राशि 25,000/- रू. एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान करने का प्रावधान है।शासन द्वारा सड़क दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में त्वरित उपचार कराने के उद्देश्य से गुड सेमेरिटन योजना लागू की गई है ताकि सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से पीड़ित को अस्पताल ले जाने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहन स्वरूप राशि प्रदान की जा सकें। इस योजनांतर्गत सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाने वाले व्यक्ति को राहवीर की परिभाषा मे शामिल किया गया है। सड़क दुर्घटना में गम्भीर घायलों को उपचार हेतु अस्पताल लाने वाले राहवीर को राशि 25,000/-रू. एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान करने का प्रावधान है। इस योजना से सड़क दुर्घटना मे गम्भीर



घायल व्यक्ति का त्वरित उपचार संभव हो सके।

परिवहन एवं ट्रैफिक पुलिस छात्र/छात्राओं को यातायात के नियमों का पालन करवाए, उन्हें जागरूक करें। इसके लिए स्कूल एवं महाविद्यालय स्थल पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। यह कार्यक्रम तहसील स्तर पर भी आयोजित किया जाए। शहरी क्षेत्र में निराश्रित पशुओं से कोई दुर्घटना न हो इस पर कार्य करें। दोपहिया वाहनों पर बिना हेलमेट चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करें। वर्षाकाल के दौरान जलमग्नीय पुल-पुलियाओं पर ड्रॉपगेट एवं बैरिकेटिंग लगाए एवं जंगल झाड़ियों की साफ-सफाई करें। शहरी एवं ग्रामीणों मार्गो के आसपास विद्युत पोल से करंट न फैले इसके तार और अन्य व्यवस्था अच्छे से देखे। समस्त चार पहिया एवं भारी वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर लगाए। सड़कों पर रम्बल स्ट्रीप तथा साईन बोर्ड लगाया जाना सुनिश्चित करें।

## नशामुक्ति अभियान अंतर्गत दौड़ प्रतियोगिता सम्पन्न

**मंदसौर, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नशामुक्ति अभियान अंतर्गत मन्दसौर शहर के युवाओं को इसके लिए जागरूक करने के उद्देश्य से 29 जुलाई को शांम 5:00 बजे प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविधालय, (पी. जी. कॉलेज) मन्दसौर के खेल मैदान पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन पुरुष और महिला वर्ग में हुआ, दौड़ खेल और युवा कल्याण विभाग एवं प्रधानमंत्री उत्कृष्टमहाविधालय, मन्दसौर द्वारा आयोजित की गई, दौड़ के बाद मन्दसौर पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद एवं जिला खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा ने सभी प्रतिभागी युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्ति की शपथ दिलाई, और प्रतियोगिता में विजेता महिला वर्ग में प्रथम स्थान हंसा बथमी, द्वितीय स्थान नीमा सूर्यवंशी, तृतीय स्थान ज्योति कुमावत, चतुर्थ स्थान कुमकुम सोलंकी, पंचम स्थान रवीना कँवर रही, वही पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान नितिन माली, द्वितीय स्थान वीरेंद्र सिंह राठौड़, तृतीय स्थान अंकित प्रजापत, चतुर्थ स्थान मुकेश डांगी, पंचम स्थान पुष्पेंद्र शर्मा रहें जिन्हे पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद, एवं जिला खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया, प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक संपन्न जिला एथलेटिक्स कोच, श्री मुकेश भटेवरा ने कराया, इस अवसर पर सूबेदार श्री सत्येंद्र सिंह राजपूत, लोकेन्द्र सिंह शक्तावत, जयंत माली उपस्थित रहें।




**कार्यालय दशपुर गृह निर्माण सहकारी संस्था**

कैलाश मार्ग मंदसौर, मो. 7828126740

**❊❊❊ खंडन जाहिर सूचना ❊❊❊**

समाचार पत्र दैनिक गुरू एक्सप्रेस दिनांक 26/7/2025 में प्रकाशित विज्ञप्ति जो कि रामटेकरी मंदसौर स्थित भूखंड क्रं. 160 जो बिहारीलाल अडावदिया पिता मन्नालाल अडावदिया को आवंटित किया गया था के संबंध में प्रकाशित की गई हैं। उक्त भूखंड पर वसीयत दिनांक 15/11/2016 के आधार पर श्रीमती नीतु प्रेमी पति शरद प्रेमी के पक्ष में नामांतरण बाबत जारी की गई हैं। श्रीमती नीतु प्रेमी द्वारा संस्था से एनओसी प्राप्त नहीं की गई है न ही संस्था की सदस्यता ली गई है जो कि संस्था के किसी भी भूखंड को क्रय-विक्रय, अंतरण के पूर्व संस्था से एनओसी प्राप्त करना आवश्यक हैं बिना इसके किये जाने वाला अंतरण अवैधानिक व अवैध है उक्त तथ्य की जानकारी कार्यालय संपदा प्रबंधक म.प्र. गृह निर्माण मंडल अधोसरंचना विकास मंडल मंदसौर एवं श्रीमती नीतु प्रेमी को प्रारंभ से रही हैं। संस्था द्वारा इस संबंध में सिविल न्यायालय मंदसौर में स्थाई निषेधाज्ञा का वाद पेश किया हैं। उक्त वाद के वादग्रस्त भूखंड में भूखंड क्रं. 160 भी सम्मिलित हैं वाद का प्रकरण क्रं. आरसीएसए 407/2024 पेशी दिनांक 18/9/2025 होकर श्रीमती श्वेतासिंह के न्यायालय में प्रकरण लंबित हैं, इस कारण सिविल न्यायालय में प्रकरण लंबित रहते व संस्था से एनओसी व सदस्यता प्राप्त किये बगैर उक्त भूखंड पर नामांतरण न किया जावें अन्यथा संबंधित व्यक्ति को प्रकरण में आवश्यक पक्षकार नामांतरण की कार्यवाही निरस्त करने हेतु कार्यवाही करना पड़ेगी जिसमें होने वाले हर्जे खर्चे व परिणामों के लिये संबंधित संस्था व व्यक्ति जिम्मेदार होंगे।

दिनांक 29/7/2025

प्रबंधक
दशपुर गृह निर्माण सहकारी संस्था, मंदसौर


## महिला को पीटा, 2 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 29 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** महिला ने देवर के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराया। जानकारी के अनुसार कंथारिया रोड़ निवासी सीमा मीणा ने मल्हारगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई उधार दिए 500 रुपए मांगे तो देवर गोविन्द मीणा व दशरथ मीणा ने गाली-गलौज कर मारपीट की। लकडी से वार किया, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।


**न्यायालय तहसीलदार तहसील मल्हारगढ़ जिला मन्दसौर (म.प्र.)**

फोन नं. -07424-248579 ई-मेल - tehmalhargarh@gmail.com

क्रमांक//अ-20(3)/2024-25 ईश्यू नंबर 1093/रीडर-1/2025

मल्हारगढ दिनांक 25/07/2025

सूक्ष्म लघु एवं मध्यय उद्यम विभाग म.प्र. शासन भोपाल
(महाप्रबंधक कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मंदसौर)......आवेदक
विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन...........अनावेदक

**❊ सार्वजनिक सूचना/विज्ञप्ति ❊**

सर्वसाधारण एवं जनता ग्राम मल्हारगढ तहसील मल्हारगढ को यह सूचित किया जाता है कि आवेदक सूक्ष्म लघु एवं मध्यय उद्यम विभाग म. प्र. शासन भोपाल (महाप्रबंधक कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मंदसौर) द्वारा ग्राम निनौरा तहसील मल्हारगढ के सर्वे क्रं.617/1 रकबा 11.350 हे. भूमि में (नवीन ओधोगिक क्षेत्र/क्लस्टर विकास हेतु) मध्यम उद्योग की स्थापना के लिए भूमि आबंटित करने के लिए आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय जिला मन्दसौर को प्रस्तुत किया गया जो उपखण्ड अधिकारी के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ। जिस पर भूमि आवंटन संबंधी प्रकरण इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है।

अत: आवेदक सूक्ष्म लघु एवं मध्यय उधम विभाग म.प्र. शासन भोपाल (महाप्रबंधक कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मंदसौर) के द्वारा ग्राम निनौरा तहसील मल्हारगढ के सर्वे क्रं. 617/1 रकबा 11.350 हे. भूमि में क्लस्टर विकास/मध्यम उद्योग की स्थापना के लिए के लिए जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह इस विज्ञप्ति के जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अथवा प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 11/08/2025 को स्वयं अथवा किसी वैद्य प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। नियत समयावधि के उपरांत प्रस्तुत की गई किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। सर्व संबंधित सूचित हो।

आज दिनांक 25/7/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से उक्त विज्ञप्ति जारी की गई।

तहसीलदार
तहसील मल्हारगढ़
जिला-मंदसौर (म.प्र.)

G-16418/25

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in